तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 20 सितंबर 2025

11 स्वदेशी संकल्प यात्रा पहुंचीं सोनीपत, जगह जगह हुआ स्वागत



12 दस दिनों के होंगे नवरात्र, हाथी पर सवार होकर आएगी माता



## खबर संक्षेप

### सिविल अस्पताल में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर 27 को

**गोहाना।** सिविल अस्पताल में 27 सितंबर को स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार के तहत मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। एसएमओ डा. संजय छिकारा के अनुसार शिविर का शुभारंभी कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा करेंगे। इस शिविर में अस्पताल के अलावा बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज से ईएनटी, हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ समेत अन्य बीमारियों के विशेषज्ञ भी आएंगे।

### बाइक चोरी मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना बहालगढ़ पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया है, जबकि दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### सांप के काटने से युवक की मौत

**सोनीपत।** गढ़ी बिंदरौली गांव में शुक्रवार देर रात सांप के काटने से 41 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोंटू निवासी गढ़ी बिंदरौली के रूप में हुई है। मोंटू मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। इस घटना के बाद गांव और परिवार में मातम का माहौल है।

### शिव मंदिर में रागनी प्रतियोगिता 24 को

**खरखौदा।** रोहणा गांव के शिव मंदिर में भूतपूर्व उप प्रधानमंत्री जननायक देवीलाल की जयंती के अवसर पर 24 सितंबर को रागनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मास्टर टिल्लू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 34 वर्षों से यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मास्टर बिट्टू राठधना व विशिष्ट अतिथि इनेलो के प्रदेश किसान सेल उप प्रधान भयराज दहिया होंगे।

### टांडा गांव में रेबीज पीड़ित नंदी, टीम ने किया रेस्क्यू

**सोनीपत।** टांडा गांव में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक नंदी महाराज को रेबीज की शिकायत के चलते लोगों को नुकसान पहुंचाते देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही गौ रक्षा एवं गौ सेवा टीम मौके पर पहुंची और नंदी महाराज को सुरक्षित तरीके से काबू में कर रेस्क्यू किया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने नंदी महाराज को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया, जहां उसका इलाज शुरू किया गया। जांच में सामने आया कि यह नंदी गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा छोड़ा गया था। टीम के साहिल ने लोगों से बीमार या घायल पशुओं को सड़क पर न छोड़ने की अपील की।

## जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक के समक्ष लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

### ग्रामीणों ने कार्यालय पहुंचकर किया घेराव

# डिपोधारक के खिलाफ लामबंद हुए ग्रामीण

*ग्रामीणों ने जमकर किया प्रदर्शन, परेशान ग्रामीणों की शिकायत पर बंद किया गया था डिपो, तीन माह में ही वापस बहाल किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई क्षेत्र के गांव जाट जोशी में राशन वितरण को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद ने मंगलवार को उग्र रूप ले लिया। गांव के सैकड़ों ग्रामीण सुबह 11 बजे जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कार्यालय पहुंच गए और डिपोधारक जितेंद्र की राशन सप्लाई तीन माह बाद दोबारा बहाल किए जाने के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विभाग पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाए और कहा कि जब तक कार्रवाई नहीं होती, वे पीछे नहीं हटेंगे।

ग्रामीणों का आरोप है कि डिपोधारक जितेंद्र ने कई बार अंगूठे लगवाकर भी राशन नहीं दिया, बार-बार बहाने बनाकर वितरण टालता रहा और शिकायत करने वालों से अभद्र व्यवहार करता रहा। ग्रामीण जगबीरी, मंजू, कविता, सीमा, प्रियंका, कीर्ति, कोमल, सरोज, सुनीता, रेशमा और संतोष ने कहा कि मई माह में तो उसने बाजरा बेचने तक का प्रयास किया। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि विरोध करने पर डिपोधारक कार्ड कटवाने की धमकी देता था। रितु, पिंकी, सुदेश, सुमन, निर्मला, संगीता, प्रोमिला, सुशीला, मीना और नीरज देवी ने मांग रखी कि आगे से राशन वितरण की जिम्मेदारी महेंद्र फौजी को सौंपी जाए। इस मौके पर रामराज सेवा समिति के संस्थापक सदस्य जयवीर हुड्डा, हिंदू सेना परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण हुड्डा, पूर्व सरपंच महावीर मलिक, साहब सिंह और महेंद्र फौजी भी मौजूद रहे।



सोनीपत। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण।

### पुलिस पहुंची मौके पर

प्रदर्शन के दौरान तनाव की स्थिति बन गई थी। ग्रामीणों ने अधिकारियों का घेराव कर दिया। इसी दौरान पुलिस मौके पर पहुंची और समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण अड़े रहे। हालात तब बदले जब सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा पर सप्लाई बहाल कराने का आरोप लगने के बाद उनके बेटे प्रिंस सरोहा स्वयं मौके पर पहुंचे और जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक को लिखित पत्र देकर उक्त डिपोधारक की स्थायी सप्लाई बंद करने की मांग की। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और प्रदर्शन खत्म हुआ।

### स्थायी रूप से बंद किया कोटा, 15 दिन में मांगी रिपोर्ट

ग्रामीणों की शिकायतें गंभीर हैं। डिपोधारक जितेंद्र के कोटे को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। आगे की कार्यवाही की रिपोर्ट के लिए 15 दिन का समय रखा गया है।

**-मनीषा मेहरा, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, सोनीपत।**

# करोड़ों की परियोजनों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे सीएम

- 22 को आएंगें सीएम, अधिकारियों ने मुरथल डीक्रस्ट का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री नायब सैनी के 22 सितम्बर को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सुशील सारवान ने शुक्रवार को डीसीआरयूएसटी मुरथल का दौरा किया।

उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने सुरक्षा, पार्किंग, मंच, बैठने, पेयजल व अन्य सुविधाओं को समय पर सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने बीडीपीओ को ग्राम सचिवों की ड्यूटी लगाकर लोगों को कार्यक्रम स्थल तक लाने-ले जाने की व्यवस्था करने और सरपंचों, पंचों व पार्षदों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए। बिजली विभाग को जेनरेटर लगाने तथा सुरक्षा, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने हैलीपेड और सिविल अस्पताल का भी निरीक्षण किया तथा महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर सरकारी योजनाओं संबंधी फ्लैक्स लगाने को भी कहा।



सोनीपत। सीएम कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त एवं अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रात्रिय, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम खरखौदा डॉ. निर्मल नागर, सीटीएम डॉ. अनमोल सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत, निजी अस्पताल में तोड़ा दम

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के मलिकपुर गांव में संदिग्ध हालत में युवक की मौत हो गई। युवक ने शहर के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुरथल रोड स्थित निजी अस्पताल में युवक की मौत होने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान सोनू (34)निवासी के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने विसरा सैंपल जांच के लिए है।



सोनीपत। खुले पड़े टंकियों के ढक्कन, फॉगिंग करते हुए कर्मचारी व नागरिक अस्पताल में स्थापित कंट्रोल रूम।

### पुलिस लाइन की खुली टंकियों में मिला लारवा

- स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए नोटिस, बढ़ते डेंगू-मलेरिया मरीजों पर कंट्रोल रूम स्थापित

**सोनीपत।** जिले में लगातार बढ़ रहे डेंगू और मलेरिया के मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में निरीक्षण के दौरान बड़ी लापरवाही पकड़ी। टीम को यहां खुली टंकियों में बड़ी मात्रा में मच्छरों का लारवा मिला। यही नहीं, करीब 50 से अधिक पानी की टंकियों पर ढक्कन तक नहीं मिले, जिससे मच्छरों के प्रजनन की संभावना और बढ़ गई थी। इसके अलावा फ्रीज ट्रे और अन्य बर्तनों में भी लारवा पाया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर ही अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया और लारवा मिलने पर नोटिस जारी कर दिए। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि दोबारा लापरवाही पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला नोडल अधिकारी डा. आशा सहरावत ने बताया कि वर्तमान में जिले में मलेरिया के 15, डेंगू के मरीज 48, चिकनगुनिया के मरीज 3 मरीज शामिल हैं।

# विभिन्न आरोपों के कारण उपायुक्त ने सोहटी की सरपंच को किया निलंबित

- विभाग ने सरपंच को दिया था नोटिस, जिस पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

सोहटी गांव की महिला सरपंच को उपायुक्त के आदेश पर निलंबित किया गया है। खंड विकास पंचायत अधिकारी एवं विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट सुरेंद्र आर्य ने बताया कि महिला सरपंच बबीता व उनके पति जितेंद्र के खिलाफ ग्रामीणों ने कई मामलों में शिकायत दी गई थी। महिला सरपंच के पति द्वारा दस्तावेजों पर स्वयं हस्ताक्षर करना, गांव में 100- 100 गज के प्लाट निजी वोटरों को देना, 158 में से 50 लाभार्थियों से पैसे लेकर प्लाट देना, गांव में हो रहे अवैध कब्जों को न रोकना, विभाग को रिकार्ड उपलब्ध न करना आदि शामिल है।

### रिकॉर्ड न देने पर सरपंच पर की कार्रवाई

विभाग द्वारा सरपंच को नोटिस दिया गया। जिस पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। विभाग की बिना अनुमति से गांव में 20 से 25 लाख रुपए के सीसीटीवी कैमरे, वाटर कूलर व अन्य कार्य पंचायत द्वारा कराए गए थे, जिनकी जांच होनी है ।इसके बाद 9 जुलाई को विभाग ने रिकॉर्ड मांगने के लिए पंचायत को पत्र लिखा और बार-बार रिमाइंडर दिए गए। जिसका उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया । सरकार की योजना के अंतर्गत 500 गज प्लाट के लिए ग्रामीणों ने आवेदन किया था। ग्रामीण चाहते हैं कि उन्हें यह प्लाट मिले, लेकिन ग्राम पंचायत सरपंच ने प्रस्ताव पास करने से मना कर दिया था। सरपंच द्वारा जनहित के कार्यों की उपेक्षा करके सिर्फ उन्हीं कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही थी जो उनके वोटर व समर्थक खुश रह सके। सरकार की योजना पर अमल करने के लिए कहा जाता तो साफ इनकार किया जाता रहा। लाखों रुपए का पंचायत द्वारा गबन किया गया है और लाखों रुपए अवैध रूप से ग्रामीणों से लिए गए हैं। जिसकी जांच के लिए बार-बार विभाग द्वारा पंचायत रिकॉर्ड को मांगा जा रहा था,लेकिन रिकार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया । उन्हें अंतिम चेतावनी भी दी गई थी कि वह या तो पंचायत रिकॉर्ड विभाग में जमा कर दें अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के तहत निलंबन की सिफारिश की जाएगी। चेतावनी के बाद भी सरपंच ने विभाग को रिकॉर्ड नहीं सौंपा था। यह मामला जिला उपायुक्त के सज्ञान में लाया गया। इस मामले पर कार्यवाही करते हुए उपायुक्त के आदेश पर महिला सरपंच को निलंबित किया गया है।

### प्रतिबंधित दवाइयों की तस्करी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस ने प्रतिबंधित दवाइयों की तस्करी करने वाले आरोपित को दबोचने में सफलता हासिल की है। आरोपित के पास से 23 शीशियां बरामद की गई है। पुलिस ने बरामद दवाइयों को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है। अदालत में पेश करने के बाद आरोपित को जमानत पर रिहा कर दिया गया। क्राइम यूनिट कुंडली के एएसआई विक्रम ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 सितंबर को पुलिस टीम गश्त और नशे के पदार्थों की तलाश में रोहतक रोड स्थित बलहारा चौक, खरखौदा फ्लाईओवर के पास मौजूद थी। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि गांव रोहणा निवासी राहुल दिल्ली से प्रतिबंधित दवाइयों की खेप लेकर नहर के रास्ते अपने गांव जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ड्रेन नंबर 8 के पास सोनीपत-खरखौदा रोड पर नाकाबंदी शुरू कर दी।

# पुलिस ने हवाई फायर की दो अलग-अलग घटनाओं में तीन आरोपितों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में हवाई फायरिंग की दो अलग-अलग घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपितो को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि एक आरोपित को जेल भेजा गया और दूसरे को जमानत पर रिहा किया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने भारतीय दंड संहिता और शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत कार्यवाही की है।

### हवाई फायरिंग आरोपित गिरफ्तार, भेजा रिमांड पर

**पहली घटनाः** थाना सदर सोनीपत पुलिस के अनुसार, 13 सितंबर को प्रदीप निवासी गांव महलाना ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 12 सितंबर की रात करीब 9:45 बजे उसने अपने घर के सामने गोली चलने की आवाज सुनी। जब वह बाहर निकला तो गली में एक कार खड़ी थी और उसके पास दो युवक खड़े थे। उनमें से एक युवक ने अचानक हवाई फायर किया और गाली-गलौज करते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुख्य सिपाही विकास और उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित अमित उर्फ मीता निवासी गांव महलाना को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया।

### गाड़ी न देने पर युवक पर फायरिंग

**दूसरी घटनाः** 14 सितंबर 2025 को गांव रोहणा निवासी सुरेंद्र ने थाना खरखौदा में शिकायत दी कि वह खेत से पानी निकाल रहा था, तभी सुमित निवासी खरहर (वर्तमान में गांव रोहणा में बुआ के पास रह रहा है) ने फोन कर गाड़ी मांगी। सुरेंद्र के मना करने पर सुमित और उसका साथी सचिन उर्फ काग ने फ्लाईओवर के नीचे उसे रोका। बहस के दौरान सचिन ने पिस्तौल से हवाई फायर किया और गाली-गलौज करते हुए बाइक पर फरार हो गए। एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 के एएसआई नवीन ने टीम के साथ दबिश देकर दोनों आरोपितो सचिन उर्फ काग निवासी रोहणा और सुमित उर्फ मुसा पुत्र सुभाष निवासी आसौदा (जिला झज्जर) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म व इंस्टाग्राम आईडी हैक कर अश्लील फोटो भेजने का आरोपित काबू

- पुलिस ने आरोपित को अदालत में किया पेश, दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

थाना कुण्डली पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने और उसकी इंस्टाग्राम आईडी हैक कर अश्लील फोटो भेजने के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान अंकुर निवासी सुखईपुर, हरदोई (उत्तरप्रदेश) के रूप में हुई है। अदालत में पेश करने के बाद आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

थाना कुण्डली प्रभारी ने बताया कि 30 अप्रैल को जिला सोनीपत निवासी एक महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने शिकायत में बताया कि 27 अप्रैल की रात उसकी बड़ी बेटी ने उसे जानकारी दी कि नाबालिग छोटी बहन की इंस्टाग्राम आईडी से किसी ने उसके पास अश्लील फोटो भेजी है। इस पर जब महिला ने नाबालिग बेटी से पूछताछ की तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। नाबालिग ने बताया कि अंकुर नाम का युवक कई बार उसे अपने घर के सामने स्थित एक खाली मकान में बुलाता था।



### पोक्सो के तहत किया था मामला दर्ज

आरोपित मकान पर बुलाकर कई बार पिड़ित के साथ दुष्कर्म किया और गुप्त रूप से उसकी वीडियो और फोटो भी बनाई। इसके अलावा अंकुर ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी हैक कर ली और उसी के जरिए अश्लील फोटो व पोस्ट डालता रहा। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने भारतीय दंड संहिता, पोक्सो अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया। उप निरीक्षक राहुल के नेतृत्व में जांच टीम ने नाबालिग का मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करवाया और महिला विशेषज्ञ व लीगल एड की मदद से उसकी काउंसलिंग कराई। वहीं, आरोपित की तलाश में पुलिस ने कई जगह दबिश दी और आखिरकार उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

## नैनो डीएपी से जड़ एवं कंद शोधन भी किया जा सकता है

# नैनो उर्वरक लंबे समय तक फसल को पोषण देते हैं

- इफको सोनीपत द्वारा किसान उत्पादक संगठन कथूरा के परिसर में किसान सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

इफको सोनीपत द्वारा शुक्रवार को किसान उत्पादक संगठन कथूरा के परिसर में किसान सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में किसानों को नवीनतम कृषि उत्पादों, तकनीकों एवं नैनो यूरिया प्लस व नैनो डीएपी के उपयोग एवं लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक सोनीपत डा. पवन शर्मा, इफको के उप क्षेत्रीय प्रबंधक अशोक कुमार और कनिष्ठ क्षेत्रीय प्रतिनिधि साहिल थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. देवी दयाल, उप महाप्रबंधक इफको चंडीगढ़ ने की। उन्होंने कहा कि नैनो फर्टिलाइजर के उपयोग से न केवल पैदावार बढ़ाई जा सकती है बल्कि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलती है। इन उत्पादों की कम मात्रा में उच्च प्रभावशीलता किसानों को लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि दोनों का लाभ देती है।

नैनो उर्वरकों की उपयोग दक्षता 85-90 प्रतिशत तक होती है एवं ये पौधों को लंबे अवधि तक (20-25) दिनों तक पोषक तत्व उपलब्ध कराते हैं जिससे उपज की गुणवत्ता अच्छी होती है। नैनो डीएपी से जड़ एवं कंद शोधन किया जा सकता है। अगर नैनो उर्वरकों को सही मात्रा एवं नियम अनुसार उपयोग कर रहे हैं तो रासायनिक यूरिया एवं डीएपी का उपयोग आधा करके बीजों में 5 मिली नैनो डीएपी प्रति किलो बीज में मिलाकर और नमी के लिए थोड़ा पानी मिला कर आधे घंटे के बाद बुआई करें।

कार्यक्रम में किसानों को नैनो यूरिया प्लस वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरेशा, सुकित और मनोज सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।



गोहाना। कार्यक्रम में किसानों को नैनो प्लस यूरिया वितरित करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### जड़ शोधन के लिए ये विधि

जड़ शोधन के लिए 5 मिली नैनो डीएपी को एक लीटर पानी में मिला के जड़ को 20-25 मिनट मिश्रण में डूबो के रखें एवं रोपाई करें। नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का 2 स्प्रे पहला रोपाई/बिजाई के 25-30 दिनों के बाद करें व दूसरा स्प्रे पहले स्प्रे के 20 दिनों के बाद करें। नैनो उर्वरकों पर छिड़काव हेतु इफको द्वारा उपलब्ध कराई जा रही ड्रोन की सुविधा पर भी चर्चा की गई।



ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं, एक शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त पंप करता है, जबकि अन्य दो हृदय गलफड़ों में रक्त पहुंचाते हैं।



फ्लेमिंगो का गुलाबी रंग उनके भोजन में पाए जाने वाले कैरोटीनॉइड नामक रसायन के कारण होता है।

# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी में मिलती हैं कई सुविधाएं




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजातों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं कों गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।

योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक कों बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कों वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

---

सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास व कंप्यूटर अनुप्रयोगों की देता समझ

# बीसीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट व सरकारी जगत में नौकरी के सुनहरे मौके

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास और कंप्यूटर अनुप्रयोगों की गहन समझ प्रदान करता है। इसमें प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग, डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी जैसे विषय शामिल होते हैं। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बी.सी.ए. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बी.सी.ए. ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। बी.सी.ए. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किसी विशेष क्षेत्र जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कम्प्यूटिंग, डाटा साइंस या साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में सशक्त करियर बना सकते हैं। बी.सी.ए. और बी.सी.ए. (ऑनर्स) के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएँ उपलब्ध हैं।

**प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग की मिलती है जानकारी**

**डाटाबेस की मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी की मिलती है शिक्षा**

### प्रमुख स्पेशलाइजेशन

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)
- डाटा साइंस और बिग डाटा एनालिटिक्स
- साइबर सुरक्षा और नेटवर्क सुरक्षा
- क्लाउड कम्प्यूटिंग
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास
- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग
- मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी)

## बीसीए एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम



### खुलते हैं भविष्य के द्वार

*बीसीए छात्रों के लिए करियर की राहें केवल कंप्यूटर अनुप्रयोगों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खोलती हैं। सही कौशल और उच्च शिक्षा के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www. careerjaano. com** पर भी विजिट कर सकते हैं।*

### आवश्यक कौशल

**बी.सी.ए. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्योग में सफल होने हेतु विशेष कौशल आवश्यक हैं। निम्नलिखित प्रमुख कौशल इस प्रकार हैं।**

- प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (जावा, पायथन, सी++, जावास्क्रिप्ट) में दक्षता
- समस्या समाधान और तार्किक सोच
- डाटा विश्लेषण और गणितीय क्षमता
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास की समझ
- टीमवर्क और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्किल्स
- नई तकनीकों को शीघ्र सीखने और अपनाने की क्षमता

### उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

**बी.सी.ए. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई मार्ग खुले हैं।**


**1. उच्च शिक्षा कार्यक्रम**

- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.)
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – आई.टी. एवं मैनेजमेंट
- एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस/डाटा साइंस/ए.आई.)
- पी.जी. डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कम्प्यूटिंग या मशीन लर्निंग

**2. विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स (प्रमुख कंपनियों द्वारा)**

- **माइक्रोसॉफ्ट**: माइक्रोसॉफ्ट अजूर फंडामेंटल्स
- **गूगल**: गूगल क्लाउड प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन
- **अमेज़न**: एडब्ल्यूएस सर्टिफाइड सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट
- **आईबीएम**: आईबीएम डाटा साइंस सर्टिफिकेट
- **ओरेकल**: ओरेकल सर्टिफाइड जावा प्रोग्रामर
- **सिस्को**: सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क प्रोफेशनल

***ये सर्टिफिकेशन न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री-रेडी बनाते हैं और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।***



**बीसीए को 3 वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या 4 वर्षों में बीसीए ऑनर्स भी कर सकते हैं**

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

डिजिटल अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास के दौर में बी.सी.ए. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों में अवसर उपलब्ध हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- सूचना प्रौद्योगिकी
  सॉफ्टवेयर डेवलपर
  वेब डेवलपर
  मोबाइल एप डेवलपर
  डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर
  क्लाउड इंजीनियर
- बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ
  आई.टी. ऑफिसर
  डाटा एनालिस्ट
  टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
  बिज़नेस एनालिस्ट
- ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग
  ई-कॉमर्स ऑपरेशन मैनेजर
  डिजिटल मार्केटिंग टेक्नोलॉजिस्ट
  वेबसाइट मैनेजर
  एसईओ/एसईएम विशेषज्ञ
- शिक्षा और प्रशिक्षण
  कंप्यूटर शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
  ऑनलाइन ट्यूटर
  आईटी ट्रेनर
  एड-टेक कंटेंट डेवलपर
- कंसल्टिंग और स्टार्टअप्स आईटी
  कंसल्टेंट
  प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर
  टेक्निकल सपोर्ट स्पेशलिस्ट
  प्रोडक्ट डेवलपमेंट मैनेजर

**यह इनकम संभव**

- बी.सी.ए. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 5 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 20 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में भी बी.सी.ए. स्नातकों के लिए सम्मानजनक अवसर उपलब्ध हैं। यहाँ वे विभिन्न विभागों और संगठनों में तकनीकी एवं प्रशासनिक भूमिकाएँ निभा सकते हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- प्रशासनिक सेवाएं
  भारतीय प्रशासनिक सेवा
  भारतीय पुलिस सेवा
  राज्य लोक सेवा आयोग के पद
- बैंकिंग क्षेत्र
  प्रोबेशनरी ऑफिसर
  आईटी ऑफिसर
  क्लर्कियल पद
- रक्षा एवं अनुसंधान संगठन
  डी.आर.डी.ओ. में
  वैज्ञानिक/तकनीकी पद
  इसरो में अनुसंधान पद
  राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में
  आईटी पद
- शिक्षा और विश्वविद्यालय
  सरकारी कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में
  सहायक प्रोफेसर
  कंप्यूटर प्रशिक्षक
  अनुसंधान सहायक
- रक्षा सेवाएं
  लेफ्टिनेंट
  आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
  अकाउंट अफसर
  एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
  लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
  टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**इनकम यह संभव**

- सरकारी क्षेत्र में बी.सी.ए. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 6 लाख रुपये वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

---

# मतदान की शक्ति : सावधानी और जिम्मेदारी से चुनें भारत का भविष्य



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

आज का समय बदलाव का समय है, और आप भारत के युवा और भविष्य के कर्णधार इस बदलाव की धुरी हैं। 2025 में, जब भारत एक बार फिर अपने लोकतांत्रिक उत्सव, यानी चुनावों की ओर बढ़ रहा है, आपके पास वह शक्ति है जो देश की दिशा और दशा को बदल सकती है। सावधानी से मतदान करना केवल आपका अधिकार नहीं, बल्कि एक ऐसी जिम्मेदारी है जो आपके सपनों के भारत को साकार कर सकती है। आइए, इस प्रेरणादायक यात्रा में शामिल हों और समझें कि आपका एक वोट कैसे शांतिपूर्ण क्रांति ला सकता है। भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे जीवंत और शक्तिशाली लोकतंत्र है। यहाँ हर वोट एक कहानी लिखता है, जो देश के भविष्य को आकार देता है।

## छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं

आप में से कई छात्र पहली बार मतदान करने जा रहे हैं, और यह एक ऐसा मौका है जहाँ आप एक छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं। लेकिन यह निशान सावधानी और जागरूकता के साथ लगाना होगा। बिना सोचे-समझे किया गया मतदान आपके सपनों को अधूरा छोड़ सकता है, जबकि सही जानकारी और जिम्मेदारी के साथ दिया गया वोट एक समृद्ध, समावेशी और प्रगतिशील भारत का निर्माण कर सकता है। आपके वोट में वह ताकत है जो शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है। यह वोट केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपके विश्वास और सपनों का प्रतीक है। यह वह हथियार है जिसने भारत को स्वतंत्रता दिलाई और आज भी इसे मजबूत बनाए रखता है। 2025 में, भारत के सामने कई अहम मुद्दे हैं बेरोजगारी, शिक्षा में सुधार, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक न्याय। इन मुद्दों को हल करने के लिए हमें सही नेताओं और नीतियों को चुनना होगा। लेकिन सही चुनाव के लिए जागरूकता जरूरी है। सावधानी से मतदान का मतलब है। उम्मीदवारों के पिछले कार्यों, उनके वादों और उनकी विश्वसनीयता की जाँच करें। क्या वे आपके क्षेत्र की समस्याओं को समझते हैं? क्या उनकी योजनाएँ लंबे समय तक टिकाऊ हैं? वोट देते समय भावनाओं या प्रचार में न बहें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर उम्मीदवारों की नीतियों को समझें। आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया जागरूकता फैलाने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचें। सही जानकारी साझा करें और दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें। अपने दोस्तों, परिवार और समुदाय को मतदान के महत्व के बारे में बताएं। एक जागरूक मतदाता समूह पूरे देश को बदल सकता है। भारत का इतिहास युवा शक्ति की गौरवगाथा से भरा पड़ा है। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और लाखों युवा छात्रों ने अहिंसक और संगठित तरीके से देश को आजादी दिलाई। आज भी, 2020 के दशक में भारतीय युवा अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। चाहे वह किसान आंदोलन हो, जहाँ युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के जरिए नीतिगत बदलाव लाए, या फ्राइडेजफॉरफ्यूचर अभियान, जिसमें छात्रों ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जागरूकता फैलाई भारतीय युवा हर बार साबित करते हैं कि वे बदलाव के असली नायक हैं।

## डिजिटल युग में आप अधिक शक्तिशाली

आज, डिजिटल युग में, आप और भी शक्तिशाली हैं। **#MeToo**, **#SaveTheChildren** जैसे अभियानों ने दिखाया कि भारतीय युवा सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोगों को जोड़ सकते हैं और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। 2025 में, आपके पास मतदान के जरिए इस विरासत को और मजबूत करने का अवसर है। कल्पना करें, एक ऐसा भारत जहाँ हर बच्चे को बेहतर शिक्षा, हर युवा को रोजगार और हर नागरिक को सम्मान मिले। आपका वोट इस सपने को हकीकत में बदल सकता है।

**शांतिपूर्ण क्रांति का रास्ता**: आपका वोट भारत का लोकतंत्र हमें सिखाता है कि सच्चा बदलाव शांति और एकजुटता से आता है। महात्मा गांधी ने अहिंसा के जरिए दुनिया को दिखाया कि सही मकसद और संगठित प्रयास से कोई भी सत्ता झुक सकती है। आपका वोट उसी अहिंसक क्रांति का हिस्सा है। यह एक ऐसा हथियार है जो बिना किसी नुकसान के समाज को बेहतर बना सकता है। हर वोट एक कहानी है, और यह आप पर निर्भर है कि वह कहानी प्रगति, समानता और आशा की हो।

**उठें, जागें और वोट करें** : छात्र मित्रों, यह समय है अपने भविष्य को अपने हाथों में लेने का। 2025 का साल आपके लिए एक सुनहरा अवसर है एक ऐसा मौका, जहाँ आप सावधानी और जिम्मेदारी से मतदान कर अपने सपनों के भारत को साकार कर सकते हैं। अपने स्कूल, कॉलेज और मोहल्ले में जागरूकता फैलाएँ। अपने दोस्तों को बताएँ कि उनका वोट कितना कीमती है। सोशल मीडिया पर सकारात्मक अभियान चलाएँ, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए प्रेरित हों।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

## खबर संक्षेप




सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने दी जीवंत प्रस्तुतियां

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को अभिलाषा-नन्हे कदमों की बुनियाद विषय पर एक जीवंत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नन्हे-मुन्नों ने गीतों, नृत्यों और नाटकों के माध्यम से अपने सपनों और आकांक्षाओं को व्यक्त किया और दर्शकों का दिल जीत लिया। बच्चों के भिभावकगण भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे और अपने छोटे बच्चों को मंच पर प्रस्तुति देते हुए देखकर वो भी आत्मविश्वास से भरे नजर आए।

### प्रतीक पाराशर बने संघ ब्लॉक अध्यक्ष

**खरखौदा।** सर्व कर्मचारी संघ के ब्लाक खरखौदा का त्रिवार्षिक चुनाव कराया गया। जिसकी अध्यक्षता ब्लाक खरखौदा के प्रधान प्रतीक पाराशर द्वारा की गई तथा चुनाव पर्यवेक्षक जिला प्रधान देशराज नैन तथा सचिव सुनील दत्त व राजीव खत्री भी मौजूद रहे। चुनाव में सभी विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया तथा अगले तीन वर्ष के लिए नए पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा कर्मचारियों के हित के लिए कार्य करने को कहा गया।



सोनीपत। जैन विद्या मंदिर स्कूल विजेता विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टाफ।

### कला उत्सव में रिया और अंकित ने मारी बाजी

**सोनीपत।** जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन पीएमश्री कन्या वरिष्ठ विद्यालय, मुरथल अड्डा, सोनीपत में किया गया। इस प्रतियोगिता में जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत की छात्रा रिया खत्री और छात्र अंकित ने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, प्राचार्या डॉ. नीरू एवं प्रबंधक समिति के सदस्यों ने विजेता छात्रों की सराहना करते उन्हें बधाई दी।

## प्रताप स्कूल में स्टेट स्कूल गर्ल्स रैसलिंग चैंपियनशिप संपन्न

# अंडर 17 में 53 किलोग्राम में निशा मोर सोनीपत प्रथम, रिशिका भिवानी द्वितीय



खरखौदा। खिलाड़ियों की बाउट शुरू कराते विधायक पवन खरखौदा। फोटो : हरिभूमि

### तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन का शुभारंभ विधायक पवन खरखौदा ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रताप स्कूल, खरखौदा में 16 से 18 सितम्बर 2025 तक आयोजित हरियाणा स्टेट स्कूल गर्ल्स रैसलिंग चैम्पियनशिप का समापन हो गया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन का शुभारंभ स्थानीय विधायक पवन खरखौदा ने किया। इस अवसर पर उनके साथ द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, हरियाणा कुश्ती संघ के सचिव राकेश सांगवान, प्राचार्या दया दहिया एवं एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया मौजूद रहे। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया और डॉ. सुबोध दहिया ने मुख्य अतिथि अन्य विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और विद्यालय पधारने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

### भारोत्तोलन स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ की छात्राओं ने हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपना परचम लहराया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 12 से 14 सितंबर तक यमुनानगर में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेश भर के विभिन्न जिलों की प्रतिभाशाली छात्राओं के साथ कल्पना चावला विद्यापीठ भारोत्तोलन खेल अकादमी की छात्राओं ने भी अंडर-17 और अंडर-19 टीमों में शामिल होकर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। राधिका ने 63 किलोग्राम (अंडर-17) व 58 किलोग्राम ( अंडर-19) में स्वर्ण, वैष्णवी व मिरल ने 77 किलोग्राम (अंडर-17) में स्वर्ण , कोमल ने 63 किलोग्राम (अंडर-19) में स्वर्ण तथा प्रियंका ने 69 किलोग्राम (अंडर-19) में स्वर्ण व महक ने 69 किलोग्राम (अंडर-19) में रजत पदक हासिल किए। उन्होंने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और प्रतियोगिता में सफलता हासिल की, जिससे विद्यालय के साथ उनके माता-पिता व गांव का नाम रोशन हुआ। स्वर्म पदक प्राप्त छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता के सफल समापन के पश्चात, प्राचार्या उषा वत्स ने टीम के कोच सत्यवान को उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन, अथक प्रयास और निरंतर समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### विजेता नेशनल चैंपियनशिप में दिखाएंगे प्रतिभा

इस अवसर पर विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि हमारे हरियाणा की बेटियां और खिलाड़ी पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ खेल मैदान में अपना दमखम दिखा रहे हैं। यह हमारे प्रदेश की खेल संस्कृति की सजीव झलक है। जिला शिक्षा अधिकारी का नवीन गुलिया ने भी खिलाड़ियों को उत्साह के साथ खेलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्राचार्य भूदेव (राजकीय विद्यालय सिसाना), डॉ. रविन्द्र मलिक, सोमबीर आर्य, जगमोहन डीपी एवं मनजीत डीपी भी मौजूद रहे। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आज सम्पन्न हुई कुश्ती प्रतियोगिताओं में अंडर 17 में 53 किग्रा में निशा मोर सोनीपत ने पहला, रिशिका भिवानी ने दूसरा, 69 किग्रा में तानिया जींद ने पहला, निधि रोहतक ने दूसरा, 40 में विनाक्षी रोहतक ने पहला, मिनाक्षी सोनीपत ने दूसरा, 65 में हर्षिका रोहतक ने पहला व स्वाति सोनीपत ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्वर्ण पदक विजेता आगामी नेशनल चैम्पियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## डी प्लान के तहत सभी कार्यों को करवाने का दिया आश्वासन




सोनीपत। विद्यालय का निरीक्षण करते हुए विधायक निखिल मदान साथ में नरेश वर्मा एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ विधायक ने कालूपुर के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल का किया दौरा

विधायक निखिल मदान शुक्रवार को कालूपुर के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे जहां उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों ने भवन संबंधित समस्याओं को विधायक के सामने रखा। जिसमें भवन के अंदर तीन नए कमरों का पुनः निर्माण, नए शौचालयों का निर्माण, स्कूल के बाहर दीवार के साथ नई सीवरेज लाइन बिछाने, सफेदी करवाने, स्कूल के ग्राउंड को पक्का करवाने, नया रसोई घर बनवाने, दो कमरों की चार दिवारी करवाने आदि शामिल है। विधायक निखिल मदान ने सभी समस्याओं को सुनने के बाद डी प्लान के तहत सभी कार्यों को जल्द से जल्द करवाने का आश्वाशन दिया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा ताकि स्कूल में बच्चों को परेशानी ना हो। मनोनीत पार्षद चरण सिंह जोगी, नरेश वर्मा, कुणाल माधव, श्री भगवान, रमेश मदान, पवन पालीवाल, सुमन आदि मौजूद रहे।

### रोहणा में शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

**खरखौदा।** गाँव रोहणा में हरियाणा सरकार के सौजन्य से सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें देश की रक्षा के लिए आपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को याद किया गया और बलिदानी जवानों के परिवारों का शॉल, मिटाई का डिब्बा तथा पोधा रोपण कर के उनका मान सम्मान किया गया। हर पौधे पर हर शहीद सैनिक का नाम दिया गया। बलिदानी परिवारों से शहीद रविन्द्र की माता मूर्ति देवी, शाहिद यशपाल की माता शांति देवी, शहीद पवनजीत की धर्मपत्नी सुशीला देवी और शहीद सुरेंद्र की धर्मपत्नी निर्मला देवी का मान सम्मान किया गया। गांव से सरपंच सुमित्रा देवी और गोविंद सरकारी स्कूल प्रिंसिपल, विनोद, सोनिया और गांव से बिजेंद्र, सतप्रकाश, सतपाल और जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सोनीपत से सूबेदार मेजर राजेश, वेलफेयर ऑफिसर सिकंदर मौजूद रहे।

## केवल प्रचार करने से योजना का सफल होना संभव नहीं : आनंद

हरिभूमि न्यूज:सोनीपत

■ भर्ती की बजाय योजना का प्रचार कर रही सरकार



संघ के प्रवक्ता आनंद शर्मा

वन मित्र योजना, जिसे वनीकरण को बढ़ावा देने और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2024 में अधिसूचित किया गया था, अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाई। सरकार की समीक्षा में सामने आया कि योजना व्यवहारिक नहीं रही और संशोधन भी पर्याप्त नहीं हैं। वन कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रवक्ता आनंद शर्मा और सोनीपत जिला प्रधान भगत सिंह ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि संघ ने शुरुआत से ही इसकी सफलता पर सवाल उठाए थे, जो अब सही साबित हुए। कहा कि सरकार वन रक्षकों के खाली पदों पर भर्ती करने की बजाय वन मित्र योजना का प्रचार कर रही है, जबकि 1.80 लाख से कम आय वाले साधनहीन नागरिक वनीकरण में सक्षम ही नहीं हैं। नेताओं ने कहा कि "एक पेड़ माँ के नाम" जैसी पहल भी निचले स्तर पर प्रोत्साहन न मिलने से प्रभावहीन हो गई है।

### नर्सरी स्थापित की जाएं

मांग की कि बड़े गाँवों में नर्सरी स्थापित की जाएं, पंचायत व सामुदायिक भूमि पर पौधारोपण हो और बीट क्षेत्र को 2-3 गांवों के स्तर पर निर्धारित कर नए वन रक्षक पद सृजित कर स्थाई भर्ती की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना में प्रचारित 15 हजार रुपये मासिक, 3 बाय 3 मीटर की दूरी पर पौधारोपण और वन भूमि पर पौधारोपण की अनुमति जैसे बिंदु अव्यावहारिक हैं। केवल प्रचार से यह योजना सफल नहीं हो सकती।

## अपनी दिनचर्या में व्यायाम अपनाएं: लक्ष्मीनारायण

■ फास्ट फूड और शीतल पेय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

हरिभूमि न्यूज : सोनीपत

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, सोनीपत की टीम आज अन्य सामाजिक संस्था लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति, सेवा ट्रस्ट (यूके) इंडिया के कार्यकर्ताओं के खरखौदा तहसील के गांव फरमाणा की आईटीआई के कैंपस में पहुंची। आईटीआई के विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाते भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, सोनीपत के प्रभारी सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर इंजीनियर लक्ष्मीनारायण ने बताया कि जो विद्यार्थी नियमित व्यायाम, आसन, प्राणायाम, खेलकूद, दौड़ आदि को अपनी दिनचर्या में शामिल करेगा वह सदैव स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि फास्ट फूड और शीतल पेय स्वास्थ्य को खराब करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास करने, फास्ट फूड न खाने, कोल्ड ड्रिंक्स न पीने, नशा न करने की शपथ भी दिलवाई। लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति के उपप्रधान व सेवा ट्रस्ट के सदस्य सतवीर गौतम व योग शिक्षक सूरजपाल ने विद्यार्थियों को भस्त्रिका, अनुलोमविलोम प्राणायामों, ताड़ासन, वृक्षासन आदि का अभ्यास करवाते हुए उनसे होने वाले लाभों से अवगत भी करवाया।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान योग का अभ्यास करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

योगाभ्यास के बाद सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों और समस्त स्टॉफ को सामान वितरित किया गया। इस अवसर पर ट्रेनिंग इंचार्ज नरेंद्र, फिटर इंस्ट्रक्टर प्रवीण, निशांत रोहिल्ला, अतुल कौशिक, राजकुमार, जगजीत हूड्डा, बसंत नैन, कनिका आदि उपस्थित रहे।

## एसकेएस गोहाना खंड के अध्यक्ष बने सुरेश

■ सम्मेलन में विचारविमर्श के बाद दोनों खंड इकाइयों का सर्वसम्मति से त्रिवार्षिक चुनाव करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शुक्रवार को सर्व कर्मचारी संघ (एसकेएस) की गोहाना व मुंडलाना खंड इकाइयों का प्रतिनिधि सम्मेलन गोहाना में जींद मार्ग स्थित नगर परिषद पार्क में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता संघ की जिला सोनीपत इकाई के अध्यक्ष देशराज नैन ने की। सम्मेलन में विचारविमर्श के बाद दोनों खंड इकाइयों का सर्वसम्मति से त्रिवार्षिक चुनाव करवाया गया।




गोहाना। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए।

### संदीप चहल कोषाध्यक्ष बने

चुनाव पर्यवेक्षक संघ की जिला सोनीपत इकाई के उपाध्यक्ष बिजेंद्र काद्यान, कोषाध्यक्ष राजीव खत्री, अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र चहल, जगत सिंह व आनंद हुड्डा थे। चुनाव में बिजली निगम से सुरेश यादव को गोहाना खंड इकाई के अध्यक्ष और पवन शर्मा सचिव चुने गए। सिंचाई विभाग से संदीप चहल कोषाध्यक्ष व फायर विभाग से होशियार सिंह सह सचिव चुने गए। सफाई कर्मचारी संघ से नन्ही देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। सुरेश यादव पहले दो योजना में संघ की गोहाना इकाई के सचिव रह चुके हैं। मुंडलाना खंड के चुनाव में आईटीआई से अनीता को अध्यक्ष व जनस्वास्थ्य विभाग से जोगेंद्र शर्मा को सचिव चुना गया। देवेंद्र दहिया, पदम सिंह, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## रोजगार मेले में 70 विद्यार्थी चयनित

■ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोहाना में शुक्रवार को रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में छह कंपनियों ने भाग लिया। मेले में संस्थान के 70 विद्यार्थियों को रोजगार का अवसर मिला। रोजगार मेला सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित हुआ। मेले में रोजगार विभाग की भी भागीदारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीआई के प्राचार्य अजय खोखर ने की। रोजगार मेले में सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार, सहायक गुलशन कुमार, आईटीआई गोहाना के प्लेसमेंट अधिकारी प्रवेश कुमार और अप्रेंटिसशिप अनुदेशक देवेंद्र सिंह मौजूद रहे।




गोहाना। अपने गुरुजनों व कंपनी प्रतिनिधियों के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आचार्य ने बताई धर्म की परिभाषा

■ आर्य समाज सेक्टर 14 में चल रहा है वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आर्य समाज सेक्टर-14 सोनीपत में 39वें वार्षिकोत्सव के पंचम दिवस का आयोजन संस्था प्रधान रविन्द्र आर्य की अध्यक्षता और आचार्य संदीप दर्शनाचार्य के ब्रह्मत्व में हुआ। यज्ञ के दौरान आचार्य संदीप ने धर्म की परिभाषा करते हुए बताया कि हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई धर्म नहीं बल्कि सम्प्रदाय हैं। धर्म के दस लक्षण धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रिय निग्रह, धी, विद्या, सत्य और अक्रोध हैं, जिनका पालन जीवन निर्माण करता है।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

### प्रेरणादायक गीतों से किया भावविभोर

समारोह का संचालन संस्था महासचिव रविन्द्र कुकरेजा ने किया। यज्ञोपरान्त संगीतरत्न रामनिवास ने सामाजिक व पारिवारिक सुधार और स्वामी दयानन्द सरस्वती के प्रेरणादायक गीतों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मुख्य वैदिक प्रवक्ता आचार्य वेदपाल आर्य ने उद्बोधन में कहा कि जीवन में तीन प्रकार के दुःख आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक होते हैं, जिनका निवारण शुद्ध ज्ञान, शुद्ध कर्म और शुद्ध उपासना से संभव है। समापन से पूर्व मुख्य अतिथियों को गायत्री मंत्र के स्मृति चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महात्मा वेद मुनि वानप्रस्थी, कनिष्क आर्य, ईश्वर दयाल शर्मा, हरि चन्द स्नेही, दीपक तलवार, संदीप श्रेयार्थी, ओम प्रकाश झांब, कृष्ण देव कौटिल्य, प्रवीण चावला, हरगोपाल भूटानी, आर्योदय गुरुकुल सेक्टर-14 और 15 के ब्रह्मचारी सहित श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

## प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

# सोनीपत: स्वदेशी संकल्प यात्रा का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज:सोनीपत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच द्वारा पूरे हरियाणा में आयोजित स्वदेशी संकल्प यात्रा शुक्रवार को सोनीपत पहुंची। हरियाणा संगठक कुलदीप पूनिया के नेतृत्व में यह यात्रा बहालगढ़ देव ऋषि विद्यालय में पहुंची, जहां विद्यालय अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अंतिल, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सभा में हरियाणा साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक व यात्रा संरक्षक डॉ. पूरणमल गौड़, प्रांत महिला समन्वयक प्रोफेसर इप्सिता बंसल, जिला संयोजक सुरेंद्र कौशिक, खंड संयोजक पुष्पेंद्र, संयोजक डॉ. प्रदीप राठी समेत अनेक वक्ताओं ने विचार रखे। यात्रा के अगले चरण में अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में स्वागत किया गया, जहां रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. आशुतोष मिश्रा ने प्रेरक उद्बोधन दिया। विद्यार्थियों संग हुई संगोष्ठी में स्वदेशी आंदोलन के महत्व पर चर्चा हुई। तीसरा पड़ाव खरखोदा कन्या महाविद्यालय रहा, जहां प्राचार्या, अध्यापक वर्ग, छात्राओं और विधायक पवन कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक, नेता भाई राम ने यात्रा का स्वागत किया।




सोनीपत। यात्रा में शामिल मंच के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

### समर्थन जताया

विशाल सभा में कुलदीप पूनिया ने संकल्प यात्रा का उद्देश्य बताया और शहीदों के बलिदान पर प्रकाश डाला। पवन कुमार, भाई राम और अशोक कुमार ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी के प्रयोग की शपथ दिलाई गई। सोनीपत शहर में यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय कुमार सिंगला ने सुभाष चौक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हजारों दुकानदारों व व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर समर्थन जताया। यात्रा का समापन सुभाष चौक पर हुआ।

## त्याग बगैर भगवान की प्राप्ति असंभव



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिव मंदिर (शिव वाटिका) नंदवानी नगर में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के पांचवें दिन हिमाचल से पधारे परमपूज्य पंडित विनय शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया और मनोरम झांकी का अवलोकन कराया। उन्होंने कहा कि त्याग के बिना भगवान की प्राप्ति संभव नहीं है। धर्म से अर्जित धन से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है, जबकि अधर्म से कमाए धन से जीव नरकगामी बनता है। उन्होंने युवाओं को गीता, भागवत व रामायण पढ़कर धर्म और संस्कार अपनाने का संदेश दिया। प्रधान सीताराम भारद्वाज ने कथा व्यास ने मन की शुद्धि के लिए श्रीमद्भागवत को सर्वोत्तम साधन बताया। कथा के दौरान भजन पर श्रोता भावविभोर हो उठे। मुख्य पुजारी पं. वीरेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि छठे दिन कृष्ण को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा।

**सूचना**

मैं, दुखन पासवान पुत्र श्री मकेशर पासवान निवासी न्यू बाबा कलोनी, गली नं. 2, नीयर ध्रुव जीम, सैक्टर-25, जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राजकुमार व उसकी पत्नी रूबी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, ईश्वर सिंह पुत्र श्री सुबे सिंह निवासी गांव मातण्ड तहसील गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रवीन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### महिला और बेटी संदिग्ध हालात में लापता, केस

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना की खान कॉलोनी से एक 21 वर्षीय महिला अपनी 9 वर्षीय बेटी के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नी और 9 वर्षीय बेटी बीते दिन घर से अचानक लापता हो गईं। परिजनों ने रिश्तेदारों और आस-पड़ोस में भी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। महिला के अचानक गायब होने से परिवार बेहद परेशान है।

### गंदे पानी की निकासी नहीं, लोग परेशान

**गन्नौर।** हरी नगर में अनाज मंडी से सटी गली के लोग गंदगी और जलभराव की समस्या से बेहद परेशान हैं। नालियों का गंदा पानी गली में भर जाने के कारण हालात इतने खराब हो गए हैं कि लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। लेकिन नगर पालिका के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, वाहन चालक सुरेश, विकास, महेन्द्र ने बताया कि गली में पानी जमा होने से बदबू और गंदगी फैल रही है। बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### गुणवत्ता पर सवाल उठाने वाले धर्मेन्द्र आरोप मुक्त

**खरखौदा ।** माननीय एसडीजेएम खरखौदा विक्रान्त की कोर्ट मे स्टेट केस की सुनवाई के दौरान अभियुक्त धर्मेन्द्र गांव मटिंडू को पेश किया गया। जिन्होंने पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) के द्वारा बनाई गई सड़क की गुणवता को उजागर करते हुए इसके बारे मे सार्वजनिक रूप से आवाज उठाई थी। जिस पर विभाग के उपमंडल अभियंता द्वारा खरखौदा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिस पर धर्मेन्द्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

### बाइक चोरी मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ पुलिस ने बाइक चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया है, जबकि दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। कंवाली के राजेंद्र ने 13 सितंबर को ओमेक्स सिटी से 30 अगस्त की रात बाइक चोरी की शिकायत की थी। उसने बताया कि वह चौकीदार है तथा सुबह देखा तो बाइक गायब मिली। पुलिस ने नाबालिग के साथ दूसरे आरोपित शंकर निवासी बिहार, हाल सोनीपत को गिरफ्तार किया गया।

## 22 सितंबर को मुख्यमंत्री का सोनीपत दौरा, तैयारियों में जुटा प्रशासन

# डीसीआरयूएसटी मुरथल में विकास कार्यों व स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन

*डीसी ने अधिकारियों के साथ अस्पताल का किया दौरा, अधिकारियों को सभी तैयारियां पुख्ता करने के दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री नायब सैनी 22 सितंबर को सोनीपत में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान वे नागरिक अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन करेंगे और डीसीआरयूएसटी मुरथल में विकास एवं पंचायत विभाग की कई योजनाओं का उद्घाटन व शि ला न्या स करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।



शुक्रवार को उपायुक्त सुशील सारवान ने एसडीएम, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया। सिविल सर्जन डॉ. ज्योत्सना ने बताया कि स्वास्थ्य मेला सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर आयोजित होगा, जहां लोगों को स्वास्थ्य जांच, परामर्श और सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रात्रिय, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम खरखौदा डॉ. निर्मल नागर और सीटीएम डॉ. अनमोल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



राई। सेवा पखवाड़ा संयोजक अनिल मलिक सफाई करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### 'मेरा कचरा मेरी जिम्मेदारी का लिया संकल्प'

**राई।** सेवा पखवाड़े के तहत आज जोखोली मंडल के ब्राह्मणवास गौशाला में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जाखौली मंडल अध्यक्ष शेखर अंतिल, सेवा पखवाड़ा संयोजक अनिल मलिक ने भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर गोशाला की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और 'मेरा कचरा, मेरी जिम्मेदारी' के संकल्प को मजबूत किया। मंडल अध्यक्ष शेखर अंतिल ने कहा कि गगौशाला और गांव की स्वच्छता हमारी संस्कृति और परंपरा का सम्मान है। स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि स्वच्छता को केवल अभियान न मानकर इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाए। संयोजक अनिल मलिक ने कहा कि गस्वच्छ भारत मिशन तभी सफल होगा जब प्रत्येक नागरिक इसे जन-आंदोलन के रूप में अपनाएगा। इस मौके पर सहसयोजक दीप आंतिल, मंडल महामंत्री पद्म सिंह चौहान, कुलदीप असावरपुर, दीपक, सुभाष, कमला गणमान्य मौजूद थे।



गोहाना। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सहायक रजिस्ट्रार प्रशांत।

### किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करें

**गोहाना।** शुक्रवार को दि सोनीपत केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की गोहाना शाखा में सहकारिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित हुआ जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों को जरूरी जानकारियों बारे अवगत करवाया गया। सहायक रजिस्ट्रार प्रशांत ने कहा कि अधिकारी किसानों की समस्याओं का अविलम्ब समाधान करें। इस दिशा में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनके अनुसार सहकारी समितियों का डाटा ऑनलाइन हो चुका है। अब सभी समितियों का ऑनलाइन ई-ऑडिट होगा। इससे समितियों के कार्य में पूर्ण पारदर्शिता आएगी। कार्यक्रम में कर्मचारियों को सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पौधरोपण करने, रक्तदान शिविर लगाने, किसानों की समस्याएं निपटाने व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर निरीक्षक रमेश चाहर, सतपाल, विनोद व मंदीप सहित बैंक व पैक्स कर्मचारी व सदस्य मौजूद रहे।

## निर्माण एवं शिल्प कला देवता से निरंतर मिलती रहेगी प्रेरणा : पंवार



सोनीपत। संस्था के पदाधिकारी पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार को सम्मानित करते हुए।

■ पूर्व विधायक ने विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि निर्माण एवं शिल्प कला देवता भगवान विश्वकर्मा से हम सभी को निरन्तर नवीन रचनाओं और नवसृजन की प्रेरणा मिलती रहेगी। भगवान विश्वकर्मा के दिखाए मार्ग पर चलकर ही एक विकसित समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने हलवाई हट्टा में आयोजित विश्वकर्मा पूजा वार्षिक महोत्सव में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के उपरांत क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार ने सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किए। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण का देवता कहा जाता है। वह दुनिया के सबसे पहले इंजीनियर और वास्तुकार थे। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए। विश्वकर्मा ने हमेशा कर्म का संदेश दिया। आज हम सभी को भगवान विश्वकर्मा के विचारों व उनके दिखाए मार्ग को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए, ताकि समाज व देश की तरक्की हो सके। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार को सम्मानित किया।




### दिल्ली विवि चुनाव में आर्यन मान की जीत पर खरखौदा में बंटे लड्डू

खरखौदा। दिल्ली विश्वविद्यालय के चुनाव में अध्यक्ष पद पर आर्यन मान (एबीवीपी) की जीत की खुशी में खरखौदा में जेएसएसआर ग्रुप ने लड्डू बाँटकर जश्न मनाया और युवाओं के संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हरविंदर दहिया टोनी, जिला पार्षद मनजीत भोला, विनोद प्रधान खांडा, विशाल नैन, सतीश रिढ़ाऊ, सुमित नकलोई, मनजीत भारती, आर्यन, अमित , शैंकी, आनंद सेहरी आदि मौजूद रहे।

### पुलकित सॉफ्टबॉल में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित




गन्नौर। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा छात्र पुलकित का स्वागत करते हुए।

**गन्नौर।** गन्नौर में आयोजित राज्य स्तरीय एसजीएफआई सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर के 12वीं कक्षा के छात्र पुलकित का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन किया गया है। पुलकित की उपलब्धि पर स्कूल प्राचार्या रजनी शर्मा ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि पुलकित की इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। हमें उम्मीद है कि पुलकित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी अपना शानदार प्रदर्शन दिखाएंगे और विद्यालय का नाम और भी ऊंचा करेंगे।

### बेटियों को दिखाई भविष्य की राह : डॉ मनोज

**गन्नौर।** जैन गर्ल्स कॉलेज में चलो बेटियों उच्च शिक्षा व सफलता की और कार्यक्रम के तहत दृष्टि आईएएस संस्थान की तरफ से विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमे दृष्टि संस्थान के वरिष्ठ ट्रेनर प्रशांत शर्मा, मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में 350 छात्राओं ने भाग लिया, छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने बताया कि ग्रामीण आंचल की बेटियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की सही जानकारी मिले तो उनकी सफलता की राह आसान होगी व बेटियां ऊँची उड़ान भरेंगी।



गन्नौर। कालेज प्राचार्य डा. मनोज ट्रैनर प्रशांत शर्मा का सम्मान करते हुए।

### पर्यावरण जागरूकता पर युवा संसद



राई। युवा संसद के प्रतिभागी छात्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. अशुतोष मिश्रा के साथ।

**राई।** डॉ. बी.आर. अम्बेडकर लॉ यूनिवर्सिटी में हरित युवां नेतृत्व और सतत सभ्यता के लिए कार्बन उपनिवेशवाद वैश्विक उत्तर की जिम्मेदारी बनाम भारत की विकासात्मक आवश्यकता के केंद्रीय विषय पर राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद (इन्ट्रा यूनिवर्सिटी स्तर)का आयोजन हुआ। कुलपति प्रोफेसर डॉ. देवेन्द्र सिंह, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. अशुतोष मिश्रा ने छात्रों को संबोधित किया। प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने पर्यावरणीय शासन में नेतृत्व क्षमता और गंभीर वैचारिक सहभागिता का परिचय दिया। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. बलविंदर कौर, सहायक प्रोफेसर पारुल तथा जनसंपर्क अधिकारी ललित कुमार मौजूद रहे।

### वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**गन्नौर।** एसीपी ट्रैफिक पुलिस अमित कुमार के नेतृत्व में गांव लड़सौली स्थित टोल प्लाजा के पास शुक्रवार को पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह आईपीएस, एडीजीपी के मार्गदर्शन में ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाया गया। दर्जनों ट्रक चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और नशाखोरी से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। एसीपी ट्रैफिक अमित कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी और नशे की लत है। उन्होंने ट्रक चालकों को जेब्रा क्रॉसिंग पर रुकने, सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट पहनने और ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने जैसे बुनियादी नियमों के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर ट्रैफिक थाना प्रभारी कर्मवीर, एएसआई राजबीर सहित दर्जनों पुलिस कर्मचारी भी मौजूद रहे।



गन्नौर। एसीपी ट्रैफिक पुलिस अमित कुमार वाहन चालकों को जागरूक करते हुए।

### सभी ग्रंथों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है भागवत ग्रंथ : जैन

**सोनीपत।** भागवत कथा का श्रवण करने से सभी के कष्ट दूर होते हैं मानव धर्म के मार्ग पर चलने लगता है, भागवत कथा के आयोजन से पुण्य का लाभ मिलता है इसलिए भागवत ग्रंथ सभी ग्रंथो में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

उक्त विचार नगर निगम मेयर राजीव जैन ने मोजी राम धर्मशाला में आयोजित भागवत कथा श्रवण करने के बाद भागवत प्रेमियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। स्वामी विश्वेश प्रपन्नाचार्य के मुखारविंद से हजारों श्रद्धालु भाव विभोर होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। राजीव जैन ने कहा कि मानव जीवन नश्वर है और कभी भी पानी के बुलबुले की तरह समाप्त हो सकता है। इसलिए इंसान को वक्त का इंतजार करने की बजाए जीवन के प्रारंभ से ही अपना समय धर्म एवं समाज की सेवा में लगाना चाहिए। भागवत कथा का पूरे मनोयोग से श्रवण कर एक-एक शब्द को आत्मसात कर उस पर चलने का प्रयास करेंगे तो कथा का आयोजन सार्थक होगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## आचार्य मनमोहन मिश्रा डाक्टरेट के सम्मान से किए सम्मानित



सोनीपत। कार्यक्रम में आचार्य मनमोहन मिश्रा को सम्मानित करते हुए।

**सोनीपत।** दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया में विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सोनीपत के आचार्य मनमोहन मिश्रा को डॉक्टरेट सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विशाल सिंह (सदस्य बाल न्याय बोर्ड), कर्नल तेजपाल त्यागी (पूर्व कर्नल वीरचक्र से सम्मानित), डॉ. कृष्णा चन्द्र भारती (महराज), विशाखा सैलानी (सदस्य एनडीएमसी बोर्ड), वीरेंद्र सचदेवा (अध्यक्ष दिल्ली भाजपा) और कमांडर वीबी बाब्ले (पूर्व आईएएस एवं कमिश्नर सेक्रेटरी जेएंडके) उपस्थित रहे। आचार्य मनमोहन मिश्रा के सम्मान पर उपस्थित गणमान्यजनों ने बधाई देते हुए इसे सोनीपत के लिए गौरव की उपलब्धि बताया।

# मॉडल संस्कृति स्कूल मटिंडू की टीम प्रथम

■ खंड स्तरीय प्रतियोगिता का किया गया था आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटिंडू में खण्ड स्तरीय उत्तरी भारत विज्ञान नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय "मानवता के कल्याण हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी" रखा गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यालयों की टीमों ने विज्ञान एवं समाज से जुड़े विभिन्न उप विषयों पर नाट्य प्रस्तुति दी, जिनमें महिला एवं विज्ञान, स्मार्ट कृषि, डिजिटल इंडियाः सशक्त जीवन, सबके लिए स्वच्छता तथा हरित प्रौद्योगिकियाँ प्रमुख रहे। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, संवाद कौशल एवं अभिनय के माध्यम से वैज्ञानिक सोच को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। परिणाम स्वरूप राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटिंडू की टीम ने प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा ने द्वितीय तथा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरमाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



खरखौदा। अपनी नाटकीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते विद्यार्थी

### नगर, बड़ौता व माहरा में चला सफाई अभियान

गोहाना। विकास खंड गोहाना गोहाना क्षेत्र के गांव नगर, बड़ौता और माहरा में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत गांवों में दूषित पानी की निकासी के नाले, नालियों और गलियों की सफाई करवाई गई। सफाई कार्य खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी डॉ. परमजीत के निर्देशन में खंड संयोजक रामसेवक की देखरेख में करवाया गया।

## विशेष योग लेकर आ रहे हैं शारदीय नवरात्र, अस्थि योग का बना संयोग

# दस दिनों के होंगे नवरात्र, हाथी पर सवार होकर आएगी माता

**घटस्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6.09 से 8.06 का**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शारदीय नवरात्र इस बार भक्तों के लिए विशेष संयोग लेकर आ रहे हैं। मां जगदम्बा के भक्त नौ नहीं बल्कि पूरे दस दिनों तक आराधना का पुण्य प्राप्त करेंगे। 22 सितंबर यानि सोमवार से शुरू हो रहे नवरात्र 1 अक्टूबर तक चलेंगे। पं. डॉ. मनमोहन मिश्रा ने कहा इस वर्ष तृतीया तिथि 24 और 25 सितंबर दोनों दिन पड़ने के कारण नवरात्र दस दिन के होंगे। बढ़ती तिथि को शुभ और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जिससे इस बार के नवरात्र विशेष फलदायी माने जा रहे हैं। इस बार नवरात्र का दस दिवसीय होना, हाथी पर सवार होकर माता का आगमन और विशेष योग बनना भक्तों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस बार के शारदीय नवरात्र पूरे प्रदेश में आस्था और उल्लास का केंद्र बनने वाले हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार हर वर्ष माता दुर्गा अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर आती हैं। इस बार माता रानी हाथी पर सवार होकर भक्तों के घर पधारेंगी। हाथी की सवारी को अत्यंत शुभ और मंगलकारी माना जाता है। मान्यता है कि हाथी की सवारी से प्रचुर वर्षा होती है।



### ये मुहूर्त, पूजन सामग्री में करें ये शामिल

डॉ. मिश्रा ने बताया कि घटस्थापना का शुभ मुहूर्त 22 सितंबर को सुबह 6.09 से 8.06 बजे तक रहेगा, जबकि अभिजित मुहूर्त 11.49 से 12.38 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि पूजन सामग्री में कलश, जौ, गंगाजल, नारियल, आम के पत्ते, कलावा, सुपारी, सिंदूर, अक्षत, दीपक, पुष्प, फल, मिठाई और लाल चुनरी आवश्यक हैं। पूजन विधि के अनुसार मिट्टी के बर्तन में जौ बोकर कलश की स्थापना की जाती है, जिस पर आम्रपल्लव और नारियल रखकर माता का आह्वान किया जाता है।

### नवरात्र के प्रत्येक दिन माता के रूप की पूजा व भोग

**पहला दिन (मां शैलपुत्री)** - इस दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा होती है। उन्हें गाय के घी का भोग लगाना शुभ माना जाता है। इससे रोग और कष्ट दूर होते हैं।

**दूसरा दिन (मां ब्रह्मचारिणी)** - मां ब्रह्मचारिणी को मिश्री का भोग लगाया जाता है। इससे परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

**तीसरा दिन (मां चंद्रघंटा)** - इस दिन मां चंद्रघंटा को खीर का भोग लगाने से मानसिक शांति मिलती है और सभी दुख दूर होते हैं।

**चौथा दिन (मां कूष्मांडा)** - मां कूष्मांडा को मालपुआ का भोग लगाना चाहिए। इससे देवी खुश होती हैं और जीवन के सभी दुखों का नाश करती हैं।

**पांचवां दिन (मां स्कंदमाता)** - मां स्कंदमाता को केले का भोग लगाया जाता है। इससे सेहत अच्छी रहती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आती है।

**छठा दिन (मां कात्यायनी)** - मां कात्यायनी को शहद का भोग लगाना चाहिए। इससे साधक की आकर्षण शक्ति बढ़ती है और रिश्ते मधुर होते हैं।

**सातवां दिन (मां कालरात्रि)** - इस दिन मां कालरात्रि की पूजा होती है। उन्हें गुड़ या गुड़ से बनी चीजों का भोग लगाएं। इससे नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं और भय से मुक्ति मिलती है।